(c) whether the Assistant Station Masters who were active on war service and others have been placed senior to those recruited prior to the 1st June, 1942 in violation of Railway Board's letter No. E/49/RC-1/8/3 dated 25th February 1950, and General Manager, N.W. Railway, Lahore letter No. 847E dated the 11th February, 1943; and

(d) if so, the action proposed to be taken in the matter ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA) : (a) to (d). Information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

दक्षिण-पूर्व रेलवे में नियुक्ति

3769. **श्री लाखन लाल गुप्त :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों में दक्षिण-पूर्व रेलवे में वर्ग-वार, कितनी नई नियुक्तियां की गई और प्रत्येक वर्ग में मध्य प्रदेश के औसतन कितने व्यक्ति नियुक्त किये गये; और

(ख) क्या उपरोक्त नियुक्तियों के सम्बन्ध में मध्य प्रदेश के समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किये गये थे ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा): (क) नयी नियुक्तियों की संख्या इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी। फिर भी, यह सूचना नहीं दी जा सकेगी कि उसमें मध्य प्रदेश के निवासियों की संख्या क्या है, क्योंकि इस प्रकार के आंकड़े राज्य-वार नहीं रखे जाते।

(ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

रायपुर में माल डिब्बों की मरम्मत का कारखाना

3770. **श्री लाखन लाल गुप्त :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण-पूर्व रेलवे में रायपुर स्टेशन पर माल डिब्बों की मरम्मत का एक कारखाना खोलने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इस कारखाने का निर्माण कब आरम्भ होगा ;

(ग) क्या इस कारखाने में कर्मचारियों की नियुक्ति की जा चुकी है; और

(घ) यदि हां, तो नियुक्ति किये गय कर्मचारियों में स्थानीय व्यक्तियों की प्रतिशतता कितनी है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी, हां।

(ख) आशा है कि अप्रैल, 1969 से मालडिब्बों की नियमित मरम्मत हो जायेगी।

(ग) मालडिब्बों की मरम्मत के लिए अभी कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की गयी है। फिर भी, कारखाने में इस समय वी० ओ० एक्स० मालडिब्बों में "नौर" वाल्व और वी० आर० एच० माल डिब्बों में बल्क हैड लगाने के दो फुटकर काम किये जा रहे हैं और इसके लिए 68 कर्मचारी तैनात किये गये हैं जो खड़गपुर और नागपुर कारखानों और दक्षिण-पूर्व रेलवे के मण्डलों में फालतू हो गये थे।

(घ) तैनात किये गये 68 कर्मचारियों में 27 प्रतिशत स्थानीय व्यक्ति हैं।

जगदलपुर तथा बालोद के बीच रेलवे लाइन

3771. **श्री लाखन लाल गुप्त :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बैलाडीला लौह अयस्क परियोजना तथा भिलाई इस्पात कारखाने की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये दक्षिण रेलवे पर जगदलपुर से बालोद तक एक रेलवे लाइन बनाना लोक हितों में आवश्यक हो गया है;

(ख) क्या इस सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा आवश्यक सर्वेक्षण कर लिया गया है; और